प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 17.07.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- रंगदारी मांगने व षड़यन्त्र करने व जान से मारने की धमकी देने का 01 आरोपी गिरफ्तार थाना भगतपुरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 13-07-2024 को वादी जहीर आलम पुत्र अब्दुल जलील निवासी ग्राम चाँदपुर थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद ने आरोपीगण द्वारा वादी से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगना व वादी को झूठे मुकदमे में फसाने का षणयन्त्र रचने, जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना भगतपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 - 182/2024 धारा 389/120बी/506 भादवि0 बनाम मसूद आदि पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज 17-07-2024 को उ0नि0 सचिन कुमार थाना भगतपुर, मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी मसूद हसन पुत्र मतलूब हसन निवासी ग्राम काजीपुर थाना सिन्धोली जनपद शाहजहाँपुर उ0प्र0 को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2- नाबालिग लडकी के साथ छेडछाड, अवैध वसूली, दुष्कृम करने का आरोपी गिरफ्तार थाना नागफनीः-

अवगत कराना है कि दिनांक 12-07-2024 को वादी निवासी थाना नागफनी क्षेत्रान्तर्गत ने आरोपी द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री के साथ छेडछाड व अवैध वसूली व दुष्कृम करने के सम्बन्ध मे थाना नागफनी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-171/2024 धारा- 354/384 भादवि0 बनाम मंयक गुप्ता पंजीकृत किया गया ।विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम आज दिनांक 17-07-2024 को आरोपी मंयक गुप्ता पुत्र सुनील गुप्ता निवासी डिप्टीगंज कौशल्या कम्पाउण्ड थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया,तथा साक्ष्य के आधार पर उक्त अभियोग में धारा-376 भादवि0 व ¾ पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

उत्तर प्रदेश पुलिस

3-अवैध तमंचा, कारतूस के साथ 01 गिरफ्तार थाना मुगलपुराः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों, अवैध शस्त्र धारको, शस्त्र निर्माण/तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 17.07.2024 को उ0नि0 सतेन्द्र मलिक थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त समीर पुत्र गुलशन बेग निवासी बगिया वाली गली निकट शिव शक्ति मन्दिर मौ0 बरवलान थाना मुगलपुरा मुरादाबाद को एक अवैध तमंचा व 01 कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना मुगलपुरा पर मु0अ0सं0 -198/2024 धारा 3/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

4- थाना कटघर पुलिस द्वारा, शान्ति भंग करने में 03 आरोपीगण को किया गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 17.07.2024 को थाना कटघर पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने के आरोपीगण 1- रफतनवी पुत्र बाबू हसन निवासी रहमतगनर करुला थाना कटघर मुरादाबाद, 2.अनस पुत्र अबरार उर्फ भूरे निवासी लाल नगरी करुला थाना कटघर मुरादाबाद, 3.विक्की उर्फ नन्ना पुत्र दिनेश निवासी मौहलला वीरशाह हजारी प्रेमनगर थाना कटघर मुरादाबाद को अन्तर्गत धारा 170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।